समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# Gold Price Today: एक ही दिन मे दूंसरी बार गिरे सोने-चांदी के दाम, 10 ग्राम सोना हुआ सस्ता

Sanket Morankar

Published on 08 Jul 2026



सोना और चांदी खरीदने की योजना बना रहे लोगों के लिए आज का दिन राहत भरा रहा। जालगांव सर्राफा बाजार में **8 जुलाई को एक ही दिन मे दूंसरी बार सोने और चांदी की कीमतों मे बंड़ी गिरावट** दर्ज की गई।

मिली जानकारी के अनुसार, दिनभर में **सोने की कीमत मे कुंल ₹3,000** की गिरावट आई, जबकि **चांदी ₹11,000 प्रति किलो** तक सस्ती हो गई। इससे ग्राहकों और निवेशकों को बड़ी राहत मिली है।

ताजा कीमतों के अनुसार, **10 ग्राम सोने का भाव (GST सहित) ₹1,46,775** हो गया है। इससे पहले सुबह के कारोबार में इसकी कीमत **₹1,48,320** थी।

वहीं, **1 किलो चांदी का भाव (GST सहित) घटकर ₹2,31,750** पर पहुंच गया है, जबकि सुबह इसका दाम **₹2,36,900** था।

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जारी आर्थिक और भू-राजनीतिक घटनाक्रम का असर सर्राफा बाजार पर देखने को मिल रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ युद्धविराम समाप्त होने की घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में उतार-चढ़ाव बढ़ा है, जिसका प्रभाव सोने और चांदी की कीमतों पर भी पड़ा है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय बाजार, डॉलर की चाल और वैश्विक मांग-आपूर्ति के आधार पर सोने और चांदी की कीमतों में आगे भी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

**नोट :** यह कीमतें स्थानीय सर्राफा बाजार के अनुसार हैं। अलग-अलग शहरों, ज्वेलर्स और टैक्स के अनुसार इनमें बदलाव संभव है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.